दिनांक: 27.04.2026 समय: 07.10PM

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश

**मुख्य समाचार,**

1- आज आयोजित किया गया राज्य विधानसभा का विशेष सत्र, पेश किया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का संकल्प।

2- भारत और न्यूज़ीलैंड ने नई दिल्ली में मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर किए।

3- कान्हा में लौटेंगे जंगली भैंसे, मुख्यमंत्री कल बालाघाट के सूपखार में करेंगे भैंस पुनर्स्थापन का शुभारंभ।

और

4- प्रदेश में गर्मी का सितम जारी, खजुराहो में पारा 45 डिग्री पहुंचा, इंदौर-भोपाल में टूटे पुराने रिकॉर्ड।

---------

**विधानसभा विशेष सत्र**

राज्य विधानसभा का एकदिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया गया जिसमें 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम के तहत परिसीमन के आधार पर महिलाओं को 33% आरक्षण देने का संकल्प पेश किया गया। अधिनियम पर चर्चा के दौरान विपक्षी विधायकों हंगामा करते हुए सदन से वॉकआउट भी किया। मंत्री संपतिया उइके ने सदन में अपनी बात रखते हुए कहा कि बेटियां अब नहीं रुकेंगी, बल्कि नया इतिहास रचेंगी। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम हो रहा है और पंचायती राज में 50 फीसदी आरक्षण पहले ही दिया जा चुका है। विधायक गोपाल भार्गव ने दो टूक कहा कि पुरुष प्रधान मानसिकता को समाप्त करने का काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने माना कि भारत में महिलाओं की पूजा तो होती है, लेकिन उन्हें कानूनी शक्ति देने में हम पीछे रह जाते हैं। कांग्रेस के वॉकआउट के बावजूद कुछ विधायकों ने सदन में अपनी बात रखी। कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि हम राम को सिया से अलग करने वाले नहीं हैं। नारी जननी है और उसका सम्मान हमारी संस्कृति का मूल है।

**भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता**

भारत और न्यूजीलैंड ने आज नई दिल्ली में मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। पिछले वर्ष दिसंबर में अंतिम रूप दिए गए समझौते के अंतर्गत भारतीय निर्यात को सभी टैरिफ लाइनों पर शतप्रतिशत शुल्क-मुक्त किया गया। यह समझौता सेवाओं, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पारंपरिक चिकित्सा और निवेश के क्षेत्र में भी नए अवसर सृजित करता है। इसके अंतर्गत न्यूजीलैंड की 20 अरब डॉलर की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता देश भर में औद्योगिक विकास, नवाचार,

अवसंरचना और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी। समझौते के अंतर्गत भारत ने डेयरी, कृषि और रत्न और आभूषण जैसे क्षेत्रों में अपने मूल हितों की भी दृढ़ता से रक्षा की है। इस अवसर पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पढ़ा। श्री मोदी ने कहा है कि न्यूजीलैंड के साथ समझौता देश की वैश्विक भागीदारी और साझा समृद्धि की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह दो जीवंत लोकतंत्रों के बीच आर्थिक साझेदारी, मूल्यों, विश्वास और साझा महत्वाकांक्षाओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता किसानों, कारीगरों, युवाओं, उद्यमियों और लघु तथा मध्यम उद्यमों के लिए नए अवसर सृजित करता है।

**पश्चिम एशिया-ब्रीफिंग**

केंद्र सरकार ने दोहराया कि देश में उर्वरकों की उपलब्धता बनी हुई है और आपूर्ति लगातार मांग से अधिक है। पश्चिम एशिया घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में उर्वरक विभाग की अपर सचिव अपर्णा शर्मा ने कहा कि अब तक किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि यूरिया की उपलब्धता 71 दशमलव पांच-आठ लाख मीट्रिक टन है। जबकि आवश्यकता 18 दशमलव एक-सात लाख मीट्रिक टन है। वहीं, डीएपी की उपलब्धता 22 दशमलव तीन-पांच लाख मीट्रिक टन है। वहीं आवश्यकता 5 दशमलव नौ-शून्य लाख मीट्रिक टन है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति है और किसी भी वितरक को कमी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

**भैंस पुनर्स्थापन**

प्रदेश में एक सदी से अधिक समय से विलुप्त हो चुकी जंगली भैंस यानी वाइल्ड बफेलो प्रजाति की पुनर्स्थापना की रणनीति अब साकार होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल बालाघाट जिले के सूपखार एवं टोपला क्षेत्र में कार्यक्रम के अंतर्गत जंगली भैंसों के पुनर्स्थापन अभियान का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री सूपखार में 4 जंगली भैंसों को उनके नए प्राकृतिक आवास में छोड़ेंगे। इनमें 3 मादा और एक नर जंगली भैंसा शामिल है। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह मौजूद रहेंगे। इस पहल से भैंस प्रजाति के संरक्षण के साथ ही राज्य का वन पारिस्थितिकी तंत्र भी सशक्त बनेगा।

**बाग प्रिंट**

प्रदेश की विशिष्ट 'बाग प्रिंट' कला को फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित होने वाले

प्रतिष्ठित मेले ''फ़ोयर डे पेरिस" में प्रदर्शित किया जायेगा। यह मेला 30 अप्रैल से 11 मई 2026 तक पेरिस के पोर्टे डे वर्साय प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित किया जाएगा। केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त कार्यालय द्वारा देशभर से चयनित पांच श्रेष्ठ शिल्पकारों में प्रदेश के नेशनल अवार्डी शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री को शामिल किया गया है। वे इस मेले में प्रदेश की 'बाग प्रिंट' कला का प्रतिनिधित्व करते हुए मास्टर क्राफ्ट्समैन के रूप में शामिल होंगे। इस अन्तर्राष्ट्रीय मेले में बिलाल खत्री 'बाग प्रिंट' कला का लाइव प्रदर्शन करेंगे।

**मौसम**

प्रदेश में अप्रैल महीने की गर्मी इस बार रिकॉर्ड तोड़ स्तर पर पहुंच गई है। कल आंधी और हल्की बारिश के बावजूद तापमान में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे कई शहरों में भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। खजुराहो में पहली बार पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि इंदौर में 6 साल और भोपाल-जबलपुर में 3 साल का तापमान रिकॉर्ड टूट गया। नर्मदापुरम से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में कल अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

उधर, गुना जिले में गर्मी के तेवर लगातार तीखे होते जा रहे हैं। सोमवार को गुना का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे जनजीवन पर खासा असर देखने को मिला। छतरपुर में गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर ने वार्डों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिवपुरी में गर्मी के कारण 8वीं तक के स्कूलों में 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया गया है।

**बाल पुरस्कार - नामांकन**

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया इस वर्ष 31 जुलाई तक 5 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल WWW.awards.gov.in के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। स्व-नामांकन और पुरस्कारों के लिए अनुशंसा पर विचार किया जाएगा।

**संक्षिप्त समाचार**

1- आगरमालवा कलेक्टर प्रीति यादव ने आज हुई टीएल की बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा जल संरचनाओं पर से अतिक्रमण हटाया जाए।

2- रायसेन में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 01 मई से 30 मई तक जिले के समस्त विकासखण्ड स्तरों पर संचालित होगा।

3- सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि वर्ष 2024-25 में गुना जिले द्वारा लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहित करने पर आज जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर आशुतोष शुक्ला ने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को सम्मानित किया।

4- मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन में नीमच जिले ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 101 प्रतिशत की उपलब्धि अर्जित की है।

5- बैतूल कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने खनिज, श्रम एवं वन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश दिए गए।

6- मंदसौर में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन 30 अप्रैल को किया जाएगा।

7- राजगढ़ में गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत आज राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**नमस्कार**

-----------------------